पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार, 10 दिसंबर 2021 पेज 8

हमारा दून

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारी।



## खोया-पाया

मैं शपथकर्त्ती कुमारी आकांक्षा रावत पुत्री श्री यशपाल सिंह रावत निवासी –122 पार्क रोड, लक्ष्मण चौक, देहरादून, सशपथ निम्न कथन करती हूं कि, मैने दून विश्वविद्यालय मौथरोंवाला देहरादून से अर्थशास्त्र से स्नातकोत्तर (एमएससी) पास की है। यह कि मेरी तृतीय वर्ष की अंक तालिका लाल पुल सब्जी मंडी में सब्जी लेते समय कहीं गिर गई है। जिसको मैने बहुत ढूढ़ा लेकिन मिली नहीं। इसके संबंध में मैने एक प्रथम सूचना रिपोर्ट चौकी पटेल नगर देहरादून में भी करा रखी है।

मेरी दून विश्वविद्यालय की अंकतालिका का विवरण निम्न प्रकार है–कुमारी आकांक्षा रावत पुत्री श्री यशपाल सिंह रावत, दून विश्वविद्यालय 2011–2016, तृतीय वर्ष 2012–2013, अनुक्रमांक– SSEI–22 है।

**कुमारी आकांक्षा रावत पुत्री श्री यशपाल सिंह रावत निवासी –122 पार्क रोड, लक्ष्मण चौक, देहरादून।**

# सीएम ने सीडीएस बिपिन रावत को अर्पित की श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

■ अब 11 दिसंबर तक चलेगा उत्तराखंड विधानसभा सत्र

**संवाददाता**

देहरादून। उतराखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत गुरुवार को हुई। सबसे पहले सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हवाई हादसे में दिवंगत हुए सीडीएस जनरल विपिन रावत को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संदेश पढ़ा। धामी ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा है कि सीडीएस रावत अब हमारे बीच नहीं रहे। धामी ने रावत को प्रदेश और देश का गौरव बताते हुए कहा कि उनकी इच्छा थी कि शहीद सम्मान यात्रा के संदर्भ में जनरल रावत का कार्यक्रम हो पाता। धामी ने कहा कि इस सिलसिले में फोन पर रावत के साथ उनकी बातचीत भी हुई थी।

धामी ने शोक संदेश पढ़ते हुए कहा कि सीडीएस रावत हमारे गौरव थे। 'पिथौरागढ़ से जब शहीद सम्मान यात्रा का शुभारंभ



हो रहा था, तब भी उनका फोन आया था। मेरी इच्छा थी सैनिक परिवारों और सैनिकों के साथ उनका कार्यक्रम हो। चार जगह यात्रा तय हुई थी, लैंसडाउन, बनबसा, रानीखेत और देहरादून जैसे स्थानों पर उनका कार्यक्रम तय होना था। धामी ने कहा कि उनके पिता लक्ष्मण सिंह रावत लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। जनरल रावत की सादगी और सरलता से लगता नहीं था कि वो सीडीएस जैसे शीर्ष ओहदे पर हैं। यही नहीं, धामी ने टनकपुर रेल लाइन के ब्रॉडगेज सर्वे के लिए भी जनरल रावत की भूमिका बताते हुए कहा कि 29 करोड़ रुपए की मंजूरी भी उनके प्रयास से हुई। इसके अलावा धामी ने कहा कि म्यामांर में घुस कर 60 आतंकवादियों को मार गिराना उनके ही नेतृत्व में सफल ऑपरेशन रहा।

उत्तराखंड विधानस सैन्य परिवार के सपूत थे। जनरल रावत को आतंक रोधी अभियानों में महारत हासिल थी। उत्तराखंड और पूरे देश को जनरल बिपिन रावत के शौर्य पर हमेशा गर्व रहेगा। सीएम धामी के बाद सदन में नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने जनरल रावत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि म्यामांर ऑपरेशन से लेकर पाकिस्तान एयर स्ट्राइक में सीडीएस बिपिन रावत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका आकस्मिक निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है।



### भाजपा कार्यालय में सीडीएस को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं विधायक हरवंश कपूर ने बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### मौन रखकर विधानसभा कूच के दौरान सीडीएस को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर विधानसभा कूच के दौरान उत्तराखंड रजिस्ट्रार कानूनगो संघ के सदस्यों ने देहरादून के रिस्पना पुल बैरिकेडिंग के समक्ष सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हल्द्वानी में जगदंबा नगर स्थित सैनिक मिलन केंद्र में सीडीएस बिपिन रावत को पूर्व सैनिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद देहरादून के गांधी पार्क गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे पीआरडी के जवान व विभिन्न बेरोजगार संगठनों ने दो मिनट का मौन रखकर जनरल बिपिन रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओंन भी सीडीएस जनरल बिपिन रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। न्यू एरा चिल्ड्रन एकेडमी खैरी डोईवाला देहरादून ने सीडीएस विपिन रावत एवं अन्य सभी शहीद सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में संदिग्ध हालत में युवती का शव मिलने से सनसनी

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश में आइडीपीएल चौकी अंतर्गत जंगल में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या की आशंका के चलते पुलिस ने फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार दोपहर आइडीपीएल गोल चक्कर के समीप स्थित जंगल में कुछ लोग लकड़ी मिलने गए थे। जहां उन्हें एक युवती का शव पड़ा मिला।

### राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 10 दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र ने भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार उत्तराखण्ड के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी 13 जिलों से प्रथम चयनित प्रतिभागियों का नेहरू युवा केन्द्र संगठन देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा 10 दिसंबर को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण निदेशालय तपोवन देहरादून में आयोजित किया जा रहा है।

### भ्रामक अभिलेख प्रस्तुत करने वालों पर पुलिस कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी चिन्हिकरण समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में समिति की ओर से विभिन्न लोगों द्वारा राज्य आन्दोलनकारी घोषित किए जाने हेतु अभिलेख प्रस्तुत किए गये जिन पर समिति द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा कतिपय लोगों द्वारा अपने को राज्य आन्दोलनकारी चिन्हिकृत करने हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशित अभिलेख प्रस्तुत किए गए हैं।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

**बैठक**

■ विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों से अवगत कराया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौजन्या ने गुरुवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए राज्य में पूरी तैयारियां की जा रही हैं। मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 सम्पन्न हो चुका है। जल्द ही निर्वाचन आयोग इलैक्टोरल रोल का प्रकाशन करेगा। इस बार लगभग 4 लाख नए पंजीकरण किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा नई पहल की जा रही है, जिसके अन्तर्गत 80 वर्ष अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं निर्वाचक नामावली में फ्लैग्ड किए गए दिव्यांगजनों को पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कोरोना प्रोटोकॉल के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में भी अवगत कराया। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर तैयारी की गई है। मास्क, सैनेटाइजर, हैण्ड ग्लब्स तथा दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर, रैम्प, दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल लिपि प्रति भी बूथ पर उपलब्ध रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी फीडबैक लिया और उनके सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि पूरा प्रयास किया जाएगा कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को जरूरी अनुमतियां आसानी से मिल सकें। निर्वाचन व्यय, विज्ञापनों के प्री–सर्टिफिकेशन आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. रविशंकर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी जीतेंद्र कुमार, निर्वाचन व्यय के नोडल अधिकारी मनमोहन मैनाली, आईटी के नोडल शैलेंद्र नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सचिवालय संघ और सरकार हठधर्मिता छोड़ बातचीत का रास्ता करें अख्तियारः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सचिवालय संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन एवं सरकार द्वारा की जा रही सख्ती राज्य के लिए इस समय ये दोनों बातें बहुत ही कष्टकारी साबित हो रही हैं। नेगी ने कहा कि 20–25 दिन बाद प्रदेश में आचार संहिता लागू हो जाएगी तथा प्रदेश के जनमानस से जुड़े काम इनकी लड़ाई की भेंट चढ़ जाएंगे। आमजन के हितों एवं जन सरोकार के मुद्दे से संबंधित पत्रावलियां निस्तारण के नजदीक हैं, लेकिन हड़ताल के चलते लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद न के बराबर रह जाएगी द्य कई लोगो ने महीनों–सालों से मेहनत करके अपने हितों से जुड़ी पत्रावलियों को निस्तारण के नजदीक पहुंचाया है, लेकिन उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।